pan>

Title: Need to give appointment to the family member of expired employee on compassionate ground in NIT Adityapur, Jamshedpur.

श्री विद्युत वरन महतो (जमशेदपुर): महोदय, आपने मुझे मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ। झारखण्ड में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) आदित्यपुर, जमशेदपुर में है। जिसमें कार्यरत कर्मचारियों की उनके सेवाकाल के दौरान आकस्मिक मृत्यु हो जाने के बाद उनके लगभग 50-60 आश्रितों को सन् 2003 से लेकर आज तक अनुकम्पा के आधार पर नियुक्त नहीं किया गया है। आज उन सभी कर्मचारियों के आश्रित परिवार दर-दर की ठोकरें खाते फिर रहे हैं एवं भुखमरी के कगार पर पहुँच गए हैं और उनकी स्थिति बहुत खराब है। अभी तक वहाँ के संस्थान प्रबंधक के द्वारा नियुक्ति करने हेतु कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है।

अतः मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से माँग करता हूँ कि आश्रित परिवारों की स्थिति को देखते हुए उनकी अविलम्ब नियुक्ति करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा की जाए। धन्यवाद।